Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India
Media and Public Relations Office

दिनांकः 04 / 07 / 2022

प्रकाशनार्थ

**बीएड प्रवेश परीक्षाः नकलविहीन परीक्षाओं को लेकर हर कमरे की होगी वेबकास्टिंग**

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा– 2022 का आयोजन छह जुलाई को गोरखपुर, देवरिया और कुशीनगर में 85 परीक्षा केंद्रों पर होगी। दो पालियों में आयोजित होने वाली परीक्षा में 37828 अभ्यर्थी शामिल होंगे। सोमवार को प्रवेश परीक्षा की तैयारियों को लेकर दीक्षा भवन में गोरखपुर जिले के केंद्राध्यक्षों और पर्यवेक्षकों की बैठक का आयोजन किया गया। परीक्षा को शुचितापूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिये जिला प्रशासन के सहयोग से सभी जरूरी प्रबंध किये गये हैं । अभ्यर्थियों को परीक्षा समय से एक घंटा पूर्व केन्द्र पर उपस्थित होना अनिवार्य है । परीक्षा को नकलविहीन बनाने के लिये सभी परीक्षा केन्द्रों के सभी कमरों की वेबकास्टिंग के प्रबंध किये गये है जिसकी निगरानी आयोजक महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय , बरेली द्वारा अनवरत की जायेगी। गोरखपुर के 51 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 22,600 अभ्यर्थी कुशीनगर के 14 परीक्षा केन्द्रों पर 6390 अभ्यर्थी तथा देवरिया के 20 परीक्षा केन्द्रों पर 8839 अभ्यर्थी शामिल होगें । परीक्षा के नोडल समन्वयक प्रो. सुषमा पाण्डेय ने बताया कि परीक्षा की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिये सोमवार को दीक्षा भवन में जिले के सभी केन्द्राध्यक्षों एवं पर्यवेक्षकों की एक बैठक संपन्न हुई। जिसमें जिला प्रशासन के अलावा आयोजक महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे ।

दो पालियों में होगी परीक्षा

परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थी अविलंब अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें तथा उस पर अंकित सभी निर्देशों का भली भाँति अध्ययन कर लें परीक्षा दो पालियों में सम्पन्न होगी । प्रथम पाली सुबह 9 बजे से 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 2 बजे से 5 बजे तक संपन्न होगी । इसके साथ ही देवरिया एवं कुशीनगर उपनोडल केन्द्रों के केन्द्राध्यक्षों पर्यवेक्षकों एवं प्रशासन के प्रतिनिधियों की बैठक भी हुई तथा तैयारियों एवं सम्पूर्ण व्यवस्था पर विचार विमर्श किया गया ।

इन बातों का रखें ध्यान

– प्रवेश पत्र की दो प्रतियाँ तथा दो फोटोग्रॉफ जरूर लायें, ये फोटो वही हो जैसी प्रवेश पत्र में मुद्रित है।

– अपना एक फोटो युक्त परिचय पत्र ( आधार कार्ड , ड्राइविंग लाइसेंस , वोटर कार्ड पासपोर्ट ) जरूर लायें ।

– प्रत्येक स्थिति में अपने केन्द्र पर परीक्षा से एक घंटे पहले जरूर पहुँच जाये ।

– काला बाल प्वाइंट पेन लायें । मॉस्क , दस्ताना एवं सैनिटाइजर साथ में जरूर लायें ।

–दिव्यांग ( नेत्रहीन ) अभ्यर्थी जिन्हें लेखन सहायक चाहिये , वे एक दिन पूर्व केन्द्राध्यक्ष से जरूर सम्पर्क वे करें ।

–कैलकुलेटर , मोबाइल फोन सहित कोई इलेक्टॉनिक उपकरण किसी भी दशा में अपने साथ न लाये।

D.M.S.
Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur